# परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद में विश्व हिन्दी दिवस-2022 समारोह के आयोजन पर संक्षिप्त रिपोर्ट

परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद में प्रति वर्ष की तरह 10 जनवरी 2022 को विश्व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । विश्व हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शुभदा वांजपे जी, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, निदेशक, पखनि डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, अपर निदेशक-(अनु.व वि.), द्वारा विधिवत् रूप से दीप प्रज्वलित कर विश्व हिन्दी दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया ।

अपने अध्यक्षीय भाषण में पखनि के निदेशक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रत्येक केन्द्रीय सरकारी कार्यालय में राजभाषा का कार्यान्वयन न केवल एक सांविधिक आवश्यकता है बल्कि भारतीय भाषाओं में सरकारी काम करने से जनता को सरकार से सीधे जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कार्य है । मुख्य अतिथि डॉ. शुभदा वांजपे जी, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, ने अपने रोचक व ज्ञानवर्धक व्याख्यान में हिन्दी के क्रमिक विकास व अन्य भारतीय भाषाओं के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए जिसकी सभी ने सराहना की । अंत में डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने अतिथिवक्ता डॉ. शुभदा वांजपे जी, को शाल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया ।

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**

| | |
|---|---|
|  |  |
| मुख्य अतिथि का पौधे से स्वागत करते निदेशक महोदय | मुख्य अतिथि एवं निदेशक अपर निदेशक द्वारा दीप प्रज्वलन |
|  |  |
| सभा को सम्बोधित करते हुए निदेशक डॉ.दीपक कुमार सिन्हा | सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. शुभदा वांजपे जी |
|  |  |
| मुख्य अतिथि को शाल प्रदान कर सम्मानित करते हुए निदेशक महोदय | मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न से सम्मानित करते हुए निदेशक महोदय |

# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली

विश्व हिंदी दिवस का आयोजन प.ख.नि., उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली में दिनांक 10 जनवरी, 2022 को मुख्य सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विचार दास, पूर्व निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये कहा कि प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था इसीलिए प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को पूरे विश्व में विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता पैदा करना तथा हिंदी को अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रुप में प्रस्तुत करना है।

मुख्य अतिथि डॉ. विचार दास, ने अपने सम्बोधन में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ विश्व हिंदी दिवस, 2022 की शुभकामनाएं भी दी। इसके उपरांत उन्होंने भाषा की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। भारत को संस्कृति की संवाहिका बताते हुए उन्होंने भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई विविधता के सौंदर्य को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। **विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**



सभा को सम्बोधित करते क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. कृष्ण कुमार पाण्डेय



मुख्य अतिथि को शॉल प्रदान कर सम्मानित करते क्षेत्रीय निदेशक, उप क्षेत्रीय निदेशक एवं अध्यक्ष, हिंदी कार्यक्रम आयोजन समिति




सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. विचार दास,
पूर्व निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो



मंच पर आसीन क्षेत्रीय निदेशक, मुख्य अतिथि, उप क्षेत्रीय निदेशक एवं अध्यक्ष, हिंदी कार्यक्रम आयोजन समिति



मुख्य अतिथि को सप्रेम स्मृति चिह्न प्रदान करते क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार पाण्डेय

# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## दक्षिणी क्षेत्र, बेंगलूरु

प.ख.नि., दक्षिणी क्षेत्र, बेंगलूरु में 10 जनवरी, 2022 को मुख्य सभागार में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। श्री दिलीप कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में इस समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तीन व्याख्यान आयोजित किये गये, सर्वप्रथम श्री राघवेन्द्र ठाकुर, वैज्ञानिक अधिकारी/ई ने हिंदी साहित्य विषय पर, श्री अवधेश कुमार त्रिपाठी, वैज्ञानिक अधिकारी/जी ने तकनीकी विषय पर और श्री मयंक अग्रवाल, उप क्षेत्रीय निदेशक ने हिंदी साहित्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया |

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**



सभा को सम्बोधित करते क्षेत्रीय निदेशक, श्री दिलीप कुमार चौधरी




श्री मयंक अग्रवाल, उप क्षेत्रीय निदेशक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए




श्री अवधेश कुमार त्रिपाठी, वैज्ञानिक अधिकारी/जी व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए



श्री मयंक अग्रवाल, उप क्षेत्रीय निदेशक को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए क्षेत्रीय निदेशक महोदय



श्री राघवेन्द्र ठाकुर, वैज्ञानिक अधिकारी/ई को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए उप क्षेत्रीय निदेशक महोदय



श्री अवधेश कुमार त्रिपाठी, वैज्ञानिक अधिकारी/जी को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए क्षेत्रीय निदेशक महोदय

# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## पूर्वी क्षेत्र, जमशेदपुर

10 जनवरी, 2022 को क्षेत्रीय निदेशालय, पखनि, पूर्वी क्षेत्र, जमशेदपुर में विश्व हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया । इस उपलक्ष्य में, इस कार्यालय में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशियालिटी अस्पताल, जमशेदपुर शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.वरूण चन्द्रा जी द्वारा “हड्डी रोग : बचाव एवं चिकित्सा” विषय पर एक लोकप्रिय व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । क्षेत्रीय निदेशक द्वारा पखनि, पूर्वी क्षेत्र कार्यालय के सभी कार्मिकों को विश्व हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई दी गई । सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्मिकों द्वारा, वैश्विक महामारी कोविड-19 के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों या नियमों का विधिवत अनुपालन किया गया ।

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**




मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ.वरूण चन्द्रा जी एवं
श्री प्रेम कुमार शर्मा, उप क्षेत्रीय निदेशक




मुख्य अतिथि का पौधे से स्वागत करते
श्री प्रेम कुमार शर्मा, उप क्षेत्रीय निदेशक




सभा को सम्बोधित करते हुए श्री प्रेम कुमार शर्मा,
उप क्षेत्रीय निदेशक



सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि
डॉ.वरूण चन्द्रा जी


# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## पूर्वोत्तर क्षेत्र, शिलांग

क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कमलेश कुमार के मार्गदर्शन एवं उप क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रखर कुमार के नेतृत्व में राजभाषा हिन्दी के प्रोत्साहन हेतु पखनि, पूर्वोत्तर क्षेत्र, शिलांग में 10 जनवरी, 2022 को विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, शिलांग द्वारा “हिंदी भाषा एवं पारिभाषिक शब्दावली” विषय पर एक व्याख्यान की प्रस्तुति की गई। इस व्याख्यान में विज्ञान के क्षेत्र में पारिभाषिक शब्दावली के महत्व के साथ-साथ हिंदी भाषा अथवा क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उप क्षेत्रीय निदेशक के कर-कमलों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। श्री प्रमोद कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जलपान की व्यवस्था की गई।

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**

| | |
|---|---|
|  |  |
| श्री उदय प्रकाश शर्मा स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए | डॉ. प्रखर कुमार, उप क्षेत्रीय निदेशक का व्याख्यान |
|  |  |
| मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय का व्याख्यान | मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय का व्याख्यान |
|  |  |
| सभागार में श्रोतागण की प्रतिभागिता | मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित करते हुए उप क्षेत्रीय निदेशक |

# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर

डॉ. बलबीर सिंह बिष्ट , क्षेत्रीय निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वायन समिति, पखनि, पक्षे,जयपुर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में राजभाषा हिन्दी के प्रोत्साहन हेतु पखनि, पक्षे,जयपुर में 10 जनवरी, 2022 को विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरुकता पैदा करना तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है ।

इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री महेश शर्मा (शास्त्री कोसलेन्द्रिदास), सहायक आचार्य, जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर को आमंत्रित किया गया और उन्हों ने "राजभाषा के बढ़ते चरण" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**




डॉ. बलबीर सिंह बिष्ट , क्षेत्रीय निदेशक, मुख्य अतिथि का **पौधे** से स्वागत करते हुए




डॉ. बलबीर सिंह बिष्ट , क्षेत्रीय निदेशक सभा को संबोधित करते हुए




मुख्य अतिथि श्री महेश शर्मा व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए



मुख्य अतिथि को शाल प्रदान कर सम्मानित करते हुए
क्षेत्रीय निदेशक महोदय





पुस्तक भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक महोदय

# 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

## मध्यवर्ती क्षेत्र, नागपुर

परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, मध्यवर्ती क्षेत्र, नागपुर में 10 जनवरी 2022 को विश्व हिन्दी दिवस का समारोह आयोजन किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम उप क्षेत्रीय निदेशक, श्री रविन्द्र गुर्जर द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार, सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय -2), नागपुर को पुष्प पादप भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में 10 जनवरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस दिन से जुड़े ऐतिहासित घटनाक्रमों की जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दी दिवस के आयोजन का आरंभ भले ही वर्ष 2006 से हुआ हो किंतु इस दिवस को मनाने के पीछे का इतिहास नागपुर से जुड़ा है । वर्ष 1975 में आज ही के दिन प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन नागपुर में ही हुआ था और इसी दिन को यादगार बनाने के लिए हर वर्ष विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाता है ।

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलकियाँ:**




मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार,व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए




मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न से सम्मानित करते हुए उप क्षेत्रीय निदेशक श्री रविन्द्र गुर्जर



हिंदी को विश्व भाषा बनाने लचीला बनाना आवश्यक

नागपुर| विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, मध्यवर्ती क्षेत्र में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति थे। स्वागत भाषण प्रदीप कुमार गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी ने दिया। डॉ. मनोज कुमार ने हिंदी भाषा के इतिहास और वर्तमान वैश्विक स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा या उसके शब्द कठिन नहीं होते। इस अवसर पर रवींद्र गुर्जर, क्षेत्रीय निदेशक ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कार्यालय में हिंदी के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा को यदि विश्व भाषा बनाना है, तो इसे लचीला और आकर्षक रूप प्रदान करना होगा। भारत जैसे विविध भाषा-भाषायी देश में यह आवश्यक है। संचालन कुमार अभिनव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आभासी माध्यम से किया गया।

Thu, 13 January 2022 https://epaper.bhaskarhindi.

नागपुर के स्थानीय हिंदी समाचार पत्र में प्रकाशित विश्व हिंदी दिवस की रिपोर्ट

## 10 जनवरी, 2022 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस पर संक्षिप्त रिपोर्ट

### दक्षिण मध्यवर्ती क्षेत्र,हैदराबाद एवं शिविर नारायणापुरम

क्षेत्रीय मुख्यालय दक्षिण मध्यवर्ती क्षेत्र, के चर्लापल्ली हैदराबाद में दिनांक 10.01.2022 को "विश्व हिंदी दिवस" मनाया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राहुल बॅनर्जी, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक, पूर्वोत्तर क्षेत्र शिलांग ने अपने रोचक व्याख्यान से सभी को प्रेरणा दी और हिंदी के समृद्ध इतिहास व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हिंदी की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। श्री एम. रहमान, वैज्ञानिक अधिकारी/जी ने अपने संबोधन में सभी को इस पावन अवसर पर हार्दिक बधाई दी । इस समारोह का संचालन डॉ. पंकज मेहता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया ।

शिविर नारायणापुरम में भी विधिवत रूप से विश्व हिंदी समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री बी. जगन्नाध रेड्डी, तकनीकी अधिकारी-सी ने सभी अधिकारीयों तथा सहकर्मियों का स्वागत किया व श्री बी. जगन्नाध रेड्डी, तकनीकी अधिकारी-सी, श्री अमन तिवारी, वैज्ञानिक अधिकारी–सी एवं श्री दानिश आफताब, वैज्ञानिक अधिकारी/डी ने विश्व हिंदी दिवस के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला|

**विश्व हिंदी दिवस समारोह की झलयाँ:**

| | | |
|---|---|---|
|  | |  |
| श्री एम. रहमान, वैज्ञानिक अधिकारी/जी, मुख्य अतिथि का पौधे से स्वागत करते हुए | | श्री एम. रहमान, वैज्ञानिक अधिकारी/जी सभा को संबोधित करते हुए |
|  | |  |
| मुख्य अतिथि डॉ. राहुल बॅनर्जी व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए | | सभागार में श्रोतागण की प्रतिभागिता |

**शिविर नारायणापुरम में आयोजित विश्व हिंदी दिवस की झलकियाँ**







